# भारत के उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हेतु राष्ट्रीय आंदोलन का ऐलान

नई दिल्ली। हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी एवं जौनपुर सदर के पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने आज देश के उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, जमीनी स्तर पर उद्योग और व्यापार आज भी जटिल नीतियों, भ्रष्टाचार, वित्तीय बाधाओं और प्रशासनिक अव्यवस्था से जूझ रहा है।

व्यवस्था की विफलता पर तीखा प्रहार

मोहम्मद अरशद खान ने कहाः

'जब तक लाइसेंस, टैक्स, बैंकिंग और न्याय प्रणाली को सरल और पारदर्शी नहीं बनाया जाएगा, तब तक 'आत्मनिर्भर भारत' केवल एक नारा बनकर रह जाएगा।'

उन्होंने आरोप लगाया किः



छोटे और मध्यम व्यापारियों को सरकारी प्रक्रियाओं में जानबूझकर उलझाया जाता है

GST प्रणाली जटिल होकर व्यापारियों पर बोझ बन चुकी है

बैंकिंग व्यवस्था गरीब और मध्यम वर्ग के उद्यमियों के लिए बाधा बन गई है

भ्रष्टाचार और निरीक्षण तंत्र उद्योग को दबाने का काम कर रहा है

राष्ट्रीय स्तर पर बड़े सुधारों की मांग

ज्ञापन में निम्नलिखित ऐतिहासिक मांगें उठाई गईः

'एक राष्ट्र झ एक लाइसेंस'नीति लागू हो

टरटए के लिए ब्याज मुक्त या न्यूनतम ब्याज ऋण योजना

ॠळ प्रणाली का पूर्ण सरलीकरण

हर जिले में इंडस्ट्रियल हब की स्थापना

व्यापारिक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट

लोकल से ग्लोबल मिशन को राष्ट्रीय अभियान बनाया जाए

डिजिटल व्यापार एवं ई-कॉमर्स को विशेष प्रोत्साहन

राष्ट्रीय आंदोलन का ऐलान

मोहम्मद अरशद खान ने चेतावनी देते हुए कहाः

'यदि सरकार ने उद्योग और व्यापार जगत की इन जायज मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल देशभर में चरणबद्ध राष्ट्रीय आंदोलन शुरू करेगा।'

आंदोलन की रूपरेखाः

जिला स्तर पर व्यापारिक महासभाएं

राज्य स्तर पर उद्योग सम्मेलन

दिल्ली में विशाल राष्ट्रीय धरना-प्रदर्शन

व्यापारी, किसान और युवा संगठनों को जोड़कर संयुक्त आंदोलन

देश के विकास से जुड़ा है मुद्दा

उन्होंने कहा कि यह केवल व्यापारियों का मुद्दा नहीं, बल्किः

रोजगार

आर्थिक विकास

युवाओं के भविष्य

और भारत की वैश्विक स्थिति से जुड़ा हुआ विषय है

देशवासियों से अपील

मोहम्मद अरशद खान ने सभी उद्योगपतियों, व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों से इस आंदोलन में जुड़ने की अपील करते हुए कहाः

# मनोनीत पार्षद अशोक राज का सभी जाति के लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**भाजपा ने समर्पित कार्यकर्ता को पार्षद मनोनीत किया तो ग्रामीणों ने जताया आभार**

मथुरा (जीएनएस)। राज्यपाल के अनुमोदन से उत्तर प्रदेश सरकार ने मथुरा-वृंदावन नगर निगम मे 10 मनोनीत पार्षद नियुक्त किए हैं। मनोनीत पार्षदों में तारसी से ठा. अशोक राज सिंह एडवोकेट को भी सरकार ने मनोनीत पार्षद बनाया गया। मनोनीत पार्षद ठा. अशोक राज सिंह एडवोकेट, भाजपा के योग्य, समर्पित एवं जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं। वह क्षेत्र में लोंगो के साथ हर सुख-दुख में जुड़े रहना उनकी प्राथमिकता रही है। वह सरल स्वभाव, बेहतर कार्यशैली, योग्य व प्रतिभाशाली भाजपा कार्यकर्ता हैं। मनोनीत पार्षद ठा. अशोक राज सिंह एडवोकेट ने अपनी शारीरिक पीड़ा को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। उनके पार्षद मनोनीत होने पर उनका जगह-जगह गर्म जोशी के साथ स्वागत हो रहा है। पार्षद मनोनीत होने के बाद जब वह अपनी जन्मभूमि, गांव तारसी पहुंचे तो लोगों ने उनको फूल मलाओं से लाद दिया। इस मौके पर मेहनती, कार्यकुशल कार्यकर्ता को मनोनीत



पार्षद नियुक्त करने पर ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष हरिशंकर (राजू यादव) और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। मनोनीत पार्षद ठा. अशोक राज सिंह द्वारा गांव का भ्रमण करने के दौरान सभी जाति और समाज के सैकड़ों लोंगो ने फूल मालाओ और स्वाफा बांध कर भव्य स्वागत किया। इस बीच उन्होंने अपने गांव के प्रसिद्ध और पौराणिक श्री दाऊजी महाराज मंदिर मे दर्शन करके गांव की परिक्रमा की। इस मौके पर स्वागत करने वालों मे डा. अशोक सविता, विनोद सविता, सुनील सविता, भरत सविता, सोनपाल पंडित, ओमप्रकाश पंडित, लक्ष्मण पंडित, मदन पंडित, भगवान दास पंडित, रणछोड़ पंडित, देवो पंडित, ठाकुर मुरारी सिंह, हरीराम सिंह, मनोज सिंह, चंद्रशेखर सिसौंदिया, खजान सिंह, मोहन सिंह, बिहारीलाल, मानवेन्द्र सिंह, देवराज चौधरी, पवन सिंह, सतीश, दिलीप सिंह, अमर सिंह, हरगोपाल, अमर सिंह, रौहतान सिंह, ओमवीर सिंह, मोहन पटेल, ताराचंद्र बघेल, गंगाराम बघेल, राजेश बघेल, छब्बी बघेल, सोनपाल बघेल, हनुमान बघेल, लाल सिंह बघेल, विजय बघेल, प्रेम सिंह बघेल, पन्ना बघेल, मानिक बघेल, मोहन वाल्मीकि, रुपकिशोर खंडेलवाल, मनोज खंडेलवाल और मथुरी अग्रवाल आदि ने सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, राधा सिंह, बिहारीलाल, बालकिशन उपाध्याय, मोहन भारद्वाज, शगुन सैनी, लेखराज सिंह, अमर सिंह, आनंद सिंह, आलोक सिंह, नन्दकिशोर, परसोती, होतीलाल, भगवान सिंह और भोला आदि लोग मौजूद रहे।

# एएनटीएफ यूनिट और जैंत पुलिस ने दबोचा 15 हजार का ईनामी तस्कर गिरफ्तार

मथुरा (जीएनएस)। थाना जैंत से मादक पदार्थ तस्करी में फरार चल रहे 15 हजार के ईनामी तस्कर को एएनटीएफ यूनिट और जैंत पुलिस ने मथुरा जंक्शन से दबोच लिया। जानकारी के अनुसार आगरा जोन की एएनटीएफ यूनिट के इंस्पेक्टर हरवेन्द्र मिश्रा और थाना प्रभारी जैंत उमेश चन्द्र त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ में लगे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि थाना जैंत से फरार चल रहा 15 हजार का ईनामी मादक पदार्थ तस्कर कहीं भागने की फिराक में मथुरा जंक्शन के पास रास्ते पर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही



एएनटीएफ आगरा यूनिट के इंस्पेक्टर हरवेन्द्र मिश्रा और थाना प्रभारी जैंत उमेश चन्द्र त्रिपाठी पुलिस टीम में एएनटीएफ के एसआई गौरव शर्मा, एएनटीएफ के मुख्य आरक्षी आशीष शुक्ला, लखनलाल, अजीत कुमार और थाना जैंत के मुख्य आरक्षी संजीव कुमार के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां खड़ा ईनामी तस्कर भागने लगा। एएनटीएफ यूनिट और जैंत पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे 15 हजार के ईनामी मादक पदार्थ तस्कर जसवीर सिंह उर्फ जस्सा पुत्र स्व. जोगेन्द्र सिंह निवासी रोहटी थाना झांनसा कुरूक्षेत्र (हरियाणा) हाल निवासी सेक्टर-3 पीपली अर्बन स्टेट थाना थानेसर सदर जिला कुरूक्षेत्र (हरियाणा) को घेराबंदी करके दबोच लिया।

सलोन रायबरेली' एतिकॉफ रमजान के आखरी 10 दिनों अर्थात (20 रमजान से ईद का चांद दिखने तक) मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत में पूरी तरह समर्पित करने को कहते हैं एक सुन्नत है जिसका उद्देश्य शबे कद्र को पाना और इबादत के माध्यम से आध्यात्मिक सुकून हासिल करना है' एतिकाफ में बैठने वालों के के लिए रोजा रखना जरूरी है' इसके माध्यम से लैलतुल कद्र की रात हासिल करने की उम्मीद होती है' यह उदगारं मस्जिद उस्मान खान में मौलाना सलमान नदवी ने वारिस अली, मोहम्मद असद खान, मोहम्मद उमर खान के 10 दिन एटीकाफ पूर्ण होने पर नमाजियों को संबोधित करते



हुए कहे' सभी को ईद की मुबारकबाद दी' तीनों लोगों को मोहम्मद अयूब खान, मोहम्मद आसिफ खान ,मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद शरीफ गड़ड़ी मास्टर शकील, मौलाना हम्माद इसरार हैदर रानू ,मोहम्मद इस्माइल खान, मोहम्मद सालिम, मोहम्मद तैयब खान, अफरोज अहमद ने मुबारकबाद दी सभी ने मुल्क में अम्ल शांति भाईचारा कायम रखने की दुआ की'

# अलविदा जुम्मा पर चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, थाना करेली पुलिस रही पूरी तरह मुस्तैद

प्रयागराज, आज अलविदा जुम्मा के दृष्टिगत थाना करेली क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ एवं चाक-चौबंद रही। थाना अध्यक्ष आशीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दी।

नमाज के दौरान क्षेत्र की सभी मस्जिदों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रही। थाना अध्यक्ष द्वारा स्वयं घुड़सवार पुलिस बल के साथ



क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने विभिन्न मस्जिदों पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस की सक्रियता एवं सतर्कता के चलते नमाज शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुई। क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

# तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'का भव्य समापनः सिनेमा, संस्कृति और उत्कृष्टता का ऐतिहासिक उत्सव

(जीएनएस)।

लखनऊ/ हैदराबाद में आयोजित तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'का शानदार समापन हुआ। यह आयोजन क्षेत्रीय सिनेमा, लोक संस्कृति और तकनीकी उत्कृष्टता का एक अनूठा संगम साबित हुआ, जिसने नए मानक स्थापित किए। इस समारोह ने तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के साथ-साथ उन कलाकारों और तकनीशियनों को सम्मानित किया, जो पर्दे के पीछे रहकर सिनेमा को जीवंत बनाते हैं। इस वर्ष तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'ने अपने उत्कृष्ट आयोजन, प्रभावशाली प्रस्तुति और पारदर्शी पुरस्कार चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम में फिल्म उद्योग के दिग्गजों, उभरते कलाकारों, निर्देशकों, संगीतकारों और तकनीशियनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह की शुरूआत तेलंगाना की लोक परंपराओं से प्रेरित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। प्रमुख हस्तियांः इस भव्य समारोह में चिरंजीवी,नागार्जुन,महेश बाबू ,रश्मिका मंदाना,विजय देवरकोंडा और प्रकाश राज जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी (मुख्यमंत्री, तेलंगाना),सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुरस्कार



विजेताः समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गयाः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अल्लू अर्जुन को मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान साई पल्लवी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार कोडुरी श्रीशैला श्री राजामौली को मिला। सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार एक चर्चित तेलंगाना-आधारित फिल्म को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का सम्मान कीरावणी को मिला। उभरते कलाकार का पुरस्कार सिद्दू जोन्नालगड्डा को प्रदान किया गया। तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'की एक प्रमुख विशेषता तकनीकी क्षेत्रों को दिया गया महत्व रहा। सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग, साउंड डिजाइन, आर्ट डायरेक्शन और कॉस्ट्यूम डिजाइन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पेशेवरों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रसिद्ध लोक गायक और जनकवि गद्दार को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। उनके योगदान और विचारों को याद करते हुए आयोजन को एक गहरी सांस्कृतिक पहचान प्रदान की गई। आयोजकों ने बताया कि तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'का उद्देश्य केवल पुरस्कार प्रदान करना नहीं, बल्कि तेलंगाना सिनेमा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। आने वाले वर्षों में इस मंच को और विस्तारित करने की योजना भी साझा की गई। तेलंगाना गद्दार फिल्म अवार्ड्स 2025'ने यह साबित कर दिया कि जब लोक संस्कृति और आधुनिक सिनेमा का संगम होता है, तो उत्कृष्टता एक नई पहचान बनाती है।

# लघु उद्योग भारती लखनऊ की वार्षिक आम सभा की बैठक संपन्न

लखनऊ। लघु उद्योग भारती लखनऊ की वार्षिक आम सभा, अवध संभाग बैठक , यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया कान्क्लेव और पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन आज

गोमतीनगर विस्तार स्थित होटल मर्क्योर, शहीद पथ (पलासियो माल के पास) में किया गया।

संगठन के इस वृहद कार्यक्रम की शुरूआत शाम 5.30 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस आयोजन में व्यापारिक विमर्श, बैंकिंग समाधान और सांस्कृतिक उल्लास का बेहतरीन संगम देखने को मिला।

सबसे पहले लघु उद्योग भारती लखनऊ की वार्षिक आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई

वार्षिक आम सभा में आगामी वर्ष (2026-27) की रूपरेखा तय की गई और अवध संभाग की प्रगति पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ




उद्यमियों की समस्याओं और ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में स्वांत रंजन, अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख, विशिष्ट अतिथि ब्रजेश पाठक , उपमुख्यमंत्री उ0प्र0, मधुसूदन दादू अखिल भारतीय अध्यक्ष लघु उद्योग भारती जैसे दिग्गजों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती ने कहा कि आज का आयोजन न केवल उद्योगों के विकास के लिए एक मंच बना, बल्कि सामाजिक मेलजोल का भी एक सुंदर उदाहरण भी इस कार्यक्रम में प्रस्तुत हुआ।

लघु उद्योग भारती लखनऊ इकाई द्वारा संगठन की बैठक के बाद कार्यक्रम का समापन पारिवारिक होली मिलन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और ब्रज की फूलों की होली के साथ हुआ, जिसमें 200 से अधिक उद्यमियों और उनके परिवारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में रामप्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष अवध संभाग, अरूण भाटिया संभाग महामंत्री , लखनऊ इकाई के अध्यक्ष केशव माथुर, राजीव शर्मा महामंत्री, अनुज सहानी कोषाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वृंदावन नगरी हुई श्रद्धा और भक्ति में सराबोर : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नीब करौरी बाबा की समाधि के किए दर्शन

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना, महाराज जी की कुटिया और संग्रहालय का किया अवलोकन**

मथुरा (जीएनएस)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, ब्रज यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्ति और अध्यात्म के रंग में रंगी हुई नजर आयीं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के साथ विश्व प्रसिद्ध श्री नीब करौरी बाबा आश्रम के दर्शन करके हनुमान जी के दर्शन करके पूजा की। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति का काफिला होटल रेडिशन से आश्रम के देवी मंदिर मार्ग से पहुंचा तो वहां मौजूद राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति और राज्यपाल वहां से हनुमान जी के मंदिर पहुंची। वहां मुख्य पुजारी रामरूप और टीसी शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। राष्ट्रपति ने विधि-विधान से आरती करते हुए मंदिर की परिक्रमा कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, बाबा नीब करौरी की समाधि स्थल पहुंची तो वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी और नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने राष्ट्रपति को बाबा की फोटो, पटुका और बाबा का



प्रिय "कंबल" आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया। राष्ट्रपति ने वहां की परिक्रमा करके अपनी आस्था प्रकट की। दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति ने नीम करौरी महाराज जी की उस पावन कुटिया के दर्शन किए, जहां बाबा प्रवास करते थे। इसके बाद उन्होंने आश्रम स्थित संग्रहालय का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर डा. अनुराग पाठक ने उन्हें आश्रम के गौरवशाली इतिहास और बाबा के जीवन से जुड़ी स्मृतियों का विस्तृत विवरण दिया।

राष्ट्रपति ने प्रत्येक वस्तु का बारीकी से अवलोकन किया और प्रस्थान से पूर्व श्रद्धापूर्वक दान पेटिका में लिफाफा समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति की इस यात्रा ने समूचे वृंदावन को भक्ति के उल्लास से भर दिया। इससे पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर उनके प्रवचन भी सुने।

# ' प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान ' में बिखरी कालबेलिया और लावणी नृत्य की मनोरम छटा

लखनऊ, 20 मार्च 2026। घुँघरू नृत्य संगम डांस अकादमी के तत्वावधान में आज शाम ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में ' प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान ' में कालबेलिया और लावणी नृत्य की मनोरम छटा बिखरी।

प्रतिभा को पहचान सपनों को उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ घुंघरू डांस एकेडमी के कलाकारों आराध्या, ऋषिता, अविका, अनाया और तनीषी ने मनीषा यादव के नृत्य निर्देशन में काल्यो कूद पड्यो मेला में पर आकर्षक राजस्थान का प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य और अप्सरा आली







पर महाराष्ट्र का लावणी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले सोपान में घुंघरू नृत्य संगम की ओर से जय कन्हैया लाल की पर मनीषा यादव, मलखान सिंह, लवली घिल्डियाल, मौसमी, वर्षा, सौम्या, मालसी, आद्या और शनाया ने अपने सारगर्भित लोक नृत्य के जरिए श्री कृष्ण जन्मलीला को प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को श्री कृष्ण की भक्ति के सागर में आकंठ डुबोया।